विवाह  पद्धति

भाषा टीका सहित

श्री मद्दैवज्ञवर्य पं० शिवरामदत्तात्मजेन

ज्योतिषाचार्येण श्री राम शरण दास शर्मणा संकलिता

जिस को

पं० देवीदयालु ज्यो० एण्ड सन्ज़

ने

पंचांग दिवाकर कार्यालय १४७४ नई सड़क दिल्ली–६
से
प्रकाशित किया।

सं० २०२२] [छठा संस्करण मूल्य २.५० पैसे

प्रकाशक—
पं० शिवरामदत्त ज्यो० एण्ड सन्
पंचांग दिवाकर कार्यालय गेट माई हीरां,
जालन्धर शहर।

मुद्रक :
स्काईलार्क प्रिंटर्स,
दिल्ली।

॥ भूमिका ॥

सब सज्जनों को विदित ही है कि शास्त्रों में चार प्रकार के आश्रम कहे हैं, पहिला ब्रह्मचर्याश्रम १ दूसरा गृहस्थाश्रम २ तीसरा वाणप्रस्थाश्रम ३ और चतुर्थ सन्यासाश्रम ४ कहा है। ब्रह्मचर्याश्रम को पालन करता हुआ मनुष्य विद्याध्ययन करने के अनन्तर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करे। बिना आश्रम के एक क्षण भी नहीं रहना चाहिये ऐसा शास्त्रों में कहा है। "अनाश्रमी न तिष्ठेत् क्षणमेकमपि द्विजः, एक आश्रम का पालन कर दूसरे आश्रम में प्रवेश करना कहा है—'आश्रमादाश्रमंगच्छेदेष धर्मः सनातनः'।

ब्रह्मचर्याश्रम-वाणप्रस्थाश्रम और सन्यासाश्रम इन तीनों आश्रमों का आश्रय स्थान, इसी तरह देव ऋण, पितृ ऋण, और ऋषि ऋण इन तीनों ऋणों से मुक्त करने वाला तथा धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि को देने वाला होने के कारण गृहस्थाश्रम को प्रधान माना गया है, ऐसा कश्यप जी ने कहा है 'अथातः संप्रवक्ष्यामि गृहस्थाश्रममुत्तमम्'। य आधारोऽन्याश्रमाणां भूतानां प्राणिनां तथा। ऋणत्रयच्छेदकारी धर्म कामार्थ सिद्धिदम्। और बाकी संस्कार भी विवाह संस्कार पर ही निर्भर हैं, क्योंकि विवाहादि संस्कार होने के पश्चात् ही गर्भाधानादि समस्त संस्कार हो सकते हैं इस कारण भी विवाह संस्कार सर्व प्रधान हैं।

गृहस्थाश्रम में भी सद्गुणयुक्ता स्त्री का होना परमावश्यक है क्योंकि रत्न, स्वर्ण और अनेक प्रकार के अलंकारादि उपभोगों के होते हुए घर में यदि सद्गुण युक्ता स्त्री न हो तो वह सब व्यर्थ है उनकी कुछ शोभा नही होती' ऐसा महर्षियों का कथन है। 'रत्न हेमाद्यलंकाराः भोगा मृगमदादयः। व्यर्थाः सर्वे न राजन्ते हर्म्याणिस्त्रियमन्तरा। एतत्सर्व स्थितं स्त्रीषु शीलवृत्तान्वितासु च। तैसे ही अग्निहोत्रादि

नित्य कर्मा का भी बिना स्त्री के अधिकार नहीं है और स्त्री के बिना पुत्रोत्पत्ति नहीं-पुत्र के अभाव में परलोक में दुर्गति होती है। इस लिये गृहस्थाश्रम में प्रवेश होने के लिये समावर्तन संस्कार के पश्चात् मनुष्य को अवश्य विवाह करना चाहिये। वसिष्ट जी कहते हैं कश्चिद्गृहाश्रम समो न परोऽस्ति धर्मः। सोऽपिस्थित सुगुणवृत्तयुतांगनासु। उद्वाह लग्नवशतो गुणवृत्त लब्धिस्तासां तथा विघसुलग्नमतः प्रवच्मि अतः विवाह संस्कार कर्म शुभ लग्न में करना परमावश्यक है। यदि विवाह संस्कार कर्म शुभ लग्न में हो तो स्त्री के गुणों की वृद्धि होती है।

वर कन्ययोर्वरणे शुद्धि विचारः

वाक् दान (सबंधं) करने से पहले वर और कन्या के सपिंढ्य शुद्धि-गोत्र और प्रवर शुद्धि तथा जातक और भमेलनादि शुद्धि का विचार करे, जो कि लिखा है 'सापिंढ्य' गोत्र शुद्धि च शीलं सामुद्रिकाणी च जातकादिभमेलं च वीक्षयं वाग्दानतः पुरा' चौथी पीड़ी से लेकर तीन पीड़ी अर्थात् चौथी पांचवीं और छटी (पीड़ी) तक के पुरुष (लेपभाग भुज) कहलाते हैं, और पिता आदि से तीन (पीढ़ी) अर्थात् पिता पितामह और प्रपितामह यह तीन (पीड़ी के पुरुष पिंडभागी होते हैं और सातवां पिंड देने वाला यह सात पुरुष तक सापिंढ्य होता है, पितृबन्धु पक्ष में (सात पीड़ी) तक और मातृबन्धु पक्ष में (पांच पीड़ी) तक वर और कन्या नहीं होना चाहिए, जो कि लिखा है-(देवलः) पंचमात्सप्तमादूर्ध्वं मातृतः पितृतः क्रमात्। सपिंडतानि वर्तेत सर्व वर्णेष्वयं विधिः। असपिंडांज पितृतः सप्तमात्पौरषात्परं मातृतः पंचकादूर्ध्वम् समानार्ष गोत्रजाम्, इसलिए जहां तक पिंड मिला है वहां तक विवाह निषेध है।

गोत्र तथा प्रवर शुद्धिः

आपस्तम्ब ने कहा है 'सगोत्राय दुहितरं न प्रयच्छेदित्यापस्तम्बोक्तेः' सगोत्री को कन्या न देवे।

और गौतम ने यह कहा है कि जिसके गोत्र प्रवर एक हो उसके संग विवाह न करे, 'असमान प्रवरैश्च
५ विवाह इति गौतमोक्तेश्च' माता के गोत्र में भी विवाह न करे, जो कि लिखा है-(शातातपः) मातुलस्य सुता
मूढ वा सातृ गोत्रां तथैव च समान प्रवरां चैव गत्वा चांद्रायणं चरेत्' सर्वेषां मातृगोत्रं वर्ज्येमिति मंजरी
कारः' इसलिए गोत्र और प्रवर दोनों ही विवाह में वर्जित कहे हैं।

यह सब देशाचर और कुलाचार के अनुकूल है—ऐसा (चतुर्विंशति) मत में कहा—'यस्तुदेशानुरूपेण कुलमार्गेण चोद्वहेत्। नित्यं सव्यवहार्य : स्याद्वेदाच्चैतत् प्रदृश्यते' तैसे ही भृगु जी ने कहा है (भृगुः) यस्मिन्देशे य आचारः पारंपर्य कम्यगतः। वर्णानां किल सर्वेषां स सदाचार उच्चयते' इस प्रकार वर और कन्या की सपिंडय शुद्धि का विचार कर वर के गुणों की परीक्षा करे।

वर के गुण

कुल जिसकी अच्छी हो, चाल चलन अच्छे हों, किसी प्रकार की विद्या को जानने वाला हो, जिसका शरीर किसी महाव्याधि से ग्रसित न हो, आयु जिसकी अत्यधिक न हो ऐसे वर के प्रति कन्या को देवे, जो कि लिखा है (वशिष्टः) कुलं च शीलं च सनाथतां च विद्यां च वित्तं च वपुर्वयश्च। वरे गुणान्सप्त परीक्ष्यदेया कन्याबुधैः शेषमाचिंत्यनीयम्।

वर के दोष

नेत्र हीन गूंगा (मूक) कर्महीन, कुष्ठ, मृगी, राजयक्ष्मादि रोगी से युक्त नपुंसक—सदा परदेश में रहने वाला, जाति से पतित, अत्यन्त दूर, अत्यन्त समीप, अपने से अत्यन्त धनी, अथवा, अत्यन्त निर्धनी, आजीविका से रहित मूर्ख, संसार से विरक्त मोक्ष को चाहने वाला, और कन्या से तिगुनी अवस्था वाला

(वृद्ध) और कन्या से जो छोटी आयु वाला हो, ऐसे वर वर को कन्या नहीं देनी चाहिए, चाहे कन्या ऋतुमती भी होकर उमर भर घर में बैठी रहे तो भी उपरोक्त दोषों से दूषित वर को कदापि कन्या न देवे, इन दोनों
६ को देखते हुए भी जो ऐसे वर को कन्या देता है वह उस कन्या के शोक-संताप का भागी होता है और नरक गामी होता है। ऐसा कारका निबन्ध में कहा है-'अंधो मूकः क्रियाहीनश्चपस्मारी नपुंसकः दूरस्थः पतितः कुष्ठी दीर्घ रोगी वरोनसत। नात्यासन्ने नाति दूरे नात्याढ्ये नातिदुर्बल। वृत्तिहीने च मूर्खे च पटसु कन्या न दीयते। मर्खो निर्धन दूरस्थ शूर मोक्षाभिलाषिणां त्रिगुणधिक वर्षाणां नदेयाज्जातुकन्यका ॥

कन्या के गुण

अच्छी कुल में उत्पन्न हो, लज्जायुक्त हो, कोमलांगी, मृदुभाषिणी, गृहकार्य में कुशल हो, अंगहीन न हो और किसी महाव्याधि से युक्त न हों तो वह कन्या श्रेष्ठ कही है।

कन्या के दोष

बहुत बोलने वाली, काकस्वर वा घघर स्वर वाली हो जो कर्कशा कलह कारिणी हो जिसके ऊपर के होंठ पर रोम हों, अंगहीन, पिंगलावरण वाली, महाव्याधि से युक्त हो ऐसी कन्या को न विवाहे।

ऐसे दोनों पक्षों को चाहिये कि अच्छी प्रकार परीक्षा करके दोनों के ग्रह नक्षत्र मिलान करके शुभ लग्न में विवाह करना चाहिए। मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार विवाह संस्कार पर थोड़ा विचार लिखा है लिखने को तो और बहुत लिख देता परन्तु ग्रन्थ गौरव भय से यहीं समाप्त करता हूँ। यह बात भी मानी हुई है कि मनुष्य से त्रुटि रह जाती है इस कारण यदि त्रुटि रह गई हो तो पत्र द्वारा सूचित करें ताकि पंचम संस्करण में शुद्ध कर दी जावे।

नक्षत्र राशि ज्ञान चक्र

राशि	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्र	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरस	मृगशिरस	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा
प्रथम चरण	चू	ली	अा	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हू	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीय चरण	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	व	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	श	पो
तृतीय चरण	चो	ले	०	उ	वि	०	का	ङ	हि	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ चरण	ला	लो	०	ए	वु		की	ठ	०	हे	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशि	तुला			वृश्चिक			धन			मकर				कुंभ			मीन		
नक्षत्र	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूला	पू० षा०	उ. षा०	उ० षा०	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू० भा०	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथम चरण	०	रू	ति	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दु	दे
द्वितीय चरण	०	रे	तू	०	नी	या	यो	ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय चरण	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सा	दा	०	झ	चा
चतुर्थ चरण	री	तो	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू.	०	दी	ञ	चि

नाड़ी कूट ज्ञान विचारः

वर और कन्या के नक्षत्रों से नाड़ी का ज्ञान जान कर यदि दोनों का नक्षत्र किसी भी एक नाड़ी में आ जाय तो नाड़ी दोष हो जाता है, नाड़ी दोष को सर्वथा त्याग देवे। ※नाड़ी चक्र※

अश्वि	आ	पुनः	उफा	हस्त	ज्ये.	मूल	शत	पूभा	आदि
भर	मृ	पुष्य	पूफा	चि.	ऽनु	पूषा	धनि	उभा	मध्य
कृत्ति	रो	ऽश्ले	मघा	स्वा	विशा	उषा	श्रव	रेव	अंतय

एषांपरिहार वाक्यानि

नवर्गवर्णो नगणो नयोनि द्विर्द्वादशे नैवषडष्टकेवा। ताराविरुद्धे नवपंचमेवा राशीश मैत्री शुभदा विवाहे॥ अर्थात् वर और कन्या की राशियों के स्वामी एक हों वा दोनों के स्वामियों की परस्पर मित्रता हो तो वर्णादि ७ कूटों का दोष नहीं रहता, इसी तरह नाड़ी दोष में यदि वर और कन्या का नक्षत्र भिन्न २ हो किन्तु राशि एक हो, अथवा दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि भिन्न २ होय तो नाड़ी दोष नहीं होता यदि दोनों की एक ही राशि और एक ही नक्षत्र होय तो विवाह शुभ नहीं होता किन्तु नक्षत्र में भिन्न २ चरण होने से अत्यावश्यक में शुभ हो जाता है॥

योनि ज्ञान विचारः।

९ यदि वर और कन्या का नक्षत्र एक योनि में हो तो शुभ-मित्रयोनि में सम, और वैर योनि में हो तो शुभ नहीं होता (दैवज्ञ मनोहरे) अष्टाविंशति ताराणांयोनयस्तु चतुर्दश । महद्वैरेच स्वभावेवच यथा क्रमम् । मैत्रै चैवाति मैत्रे च खेंदु द्वित्रि चतुर्गुणाः ।

घोटक	हाथी	मेष	सर्प	श्वा	विडाल	गौ	योनयः
अश्वि शत.	भर. रेव	कृत्ति.पुष्य	रोहि. मृग	आर्द्रा मूला	पुनः अश्ले	पुष्य. उफा	नक्षत्राणि
महिष	सिंह	वानर	नकुल	मृग	मूषक	व्याघ्र	योनयः
हस्त स्वा	धनि.पूभा.	श्रव. पूषा	ऽभि. उषा	ऽनु.ज्येष्ठा	मघा पूफा	चित्रा विशा	नक्षत्राणि
वैरम्	वैरम्	वैरम्	वैरम्	वैरम्	वैरम्	वैरम्	वैरम्

वर और कन्या आपस में ६वें ८वें राशि में हों तो षडाष्टक, दूसरे और १२ वें हों तो द्विर्द्वादश ६वें और ५वें रशि में हो तो नवपंचम कहलाते हैं षडाष्टक में मृत्यु-तुल्य कष्ट द्विर्द्वादश में निर्धनता
 और नवपंचम में सन्तान सुख नहीं होता, षडष्टक द्विर्द्वादश और नवपंचम में राशियों के स्वामियों की मित्रता वा एकाधिपत्य होने से दोष नहीं होता शत्रुता होने में दोष कहा है।

मित्र षडष्टक ज्ञान चक्रम्

१	३	५	७	९	११
८	१०	१२	२	४	६

शत्रु षडष्टक ज्ञान चक्रम्

१	३	५	७	९	११
६	८	१०	१२	२	४

मित्र द्विर्द्वादश ज्ञान चक्रम्

१२	२	४	६	८	१०
१	३	५	७	९	११

शत्रु द्विर्द्वादश ज्ञान चक्रम्

१	३	५	७	९	११
२	४	६	८	१०	१२

मित्र नवपंचम ज्ञान चक्रम्

१	२	३	५	७	८
५	६	७	९	११	१२

शत्रु नवपंचम ज्ञान चक्रम्

९	१०	१२	११	६	४
१	२	४	३	१०	८

वरस्य पंचमे कन्या कन्यायां नवमेवरः एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यं पुत्रपौत्र सुखावहम् । मरण पितुमा-

त्रोश्च संग्राह्यं नवपंचकम् । षडष्टके भवेन्मृत्युर्यत्नं तस्य विचारयेत् ॥ वर की राशि से कन्या की राशि पंचम हो, कन्या की राशि से वर की नवम ९ हो तो यह त्रिकोण शुभ है । यदि विपरीत हो कन्या से ५ में वर, वर से ९ कन्या हो तो माता पिता की मृत्यु कहे, इसलिए राशि को विचार लें ।

गण कूट ज्ञान विचारः

वर और कन्या का नक्षत्र एक गण में हो तो उत्तम, देवता और मनुष्य गण में हो तो समानफल, देवता और राक्षस गण में हो तो कलह कारक होता है किन्तु वर राक्षस गण में और कन्या मनुष्य गण में हो तो किसी के मत में शुभ माना है कन्या राक्षस गण में और वर मनुष्य गण में होने से शुभ नहीं होता (दैवज्ञ मनोहरे) षट्गुणा गणसादृश्ये पंचस्युः सुर मानुषे । नार्यां देवो नरः पुंसश्चत्वारो वा गुणास्त्रयः । देव राक्षसयोः शून्यं तथैव नर राक्षसोः । पुंसोरक्षो-गणोयत्र नार्यां देवो ऽथवानरः । गुणो द्वौक्रमतश्चैकोगुणोग्राह्योऽन्यथानहि ।

❀ गणचक्रम् ❀

ऽश्वि.	मृग	पुन.	पुष्य	हस्त	स्वा.	ऽनु	श्रव	रेव	देवगण
भर.	रोहि	ऽऽर्द्रा.	पूफा	उफा	पूषा	उषा	पूभा	उभा	नरगण
कृति.	श्लेषा	मघा.	चित्रा	ज्येष्ठा	मूल	धनि	शत	विशा	राक्षसगण

पूज

वर और कन्या के राशियों के मित्रादि सम्बन्ध जान कर यदि दोनों के स्वामी परस्पर मित्र हों तो उत्तम, मित्र सम हों तो मध्यम, परस्पर सम होने से अधम, परस्पर शत्रु हों तो कष्ट, और परस्पर मित्र
 शत्रु हों तो कलह कारक होते हैं, (दैवज्ञ मनोहरे) ग्रह मैत्रं सप्तविधं गुणाः पंच प्रकीर्तिताः। तत्रैकाधि पत्ये गुण पंचकं स्यात्, मिथो मित्रे च चत्वारः सम मित्रे त्रयोगुणा। समत्वे द्वौ गुणौप्रोक्ता वेकश्चसम वैरयोःशून्यं तूभयशत्रुत्वे गुणभेदाः क्रमादभीः।

ग्रह मैत्री चक्रम्

सू.	चं	मं	बु.	वृ.	शु.	श.	ग्रहाः
चं. मं. वृ.	सू. बु.	सू. चं. वृ.	सू. शु.	सू. मं. चं.	बु. श.	शु. बु.	मित्राणि
बु.	मं. वृ. शु. श.	शु. श.	मं. वृ.	श.	मं. वृ. श.	वृ.	समाः
शु. श.	००	बु.	चं.	बु. शु.	सू. चं.	सू. चं. मं.	शत्रवः
१	२	१०	६	४	१२	७	उच्चम्
७	८	४	१२	१०	६	१	नीचम्

* विवाहादि कर्मों में वर्जित वर्ष *

(विवहातंत्रे आद्ये चतुर्थे वसुषोडशेच । एकोनविंशेद्वाविंशताच । मागल्यचौरंचविवाहकर्म- १३ १३ कर्मोदितंयस्ययमेनतुल्यम् ॥

* पहिले गर्भ में जन्म मासादिकों का निषेध *

(नारदः) नजन्ममासे जन्मर्क्षेन जन्मदिवसेऽपिवा । आद्यगर्भ सुतस्याथदुहितुर्वाकरग्रहः । जन्म दिन से लेकर ३० दिन जन्ममास कहलाता है। जन्ममासतिथि और जन्मनक्षत्र में पहलेगर्भ के पुत्र वा कन्या का विवाह न करे। अत्यावश्यक में विवाह करना हो तो वसिष्ठ जी के मत से जन्म दिन छोड़ दे, अत्रि जी के मत से ३ दिन छोड़ कर जन्ममास में विवाह कर लेवे, गर्ग जी के मत से ५ दिन छोड़े और भागुरि जी के मत से जन्म मास में पक्षभर छोड़ कर विवाह कर लेवे (जगन्मोहने) जातदिनंदूषयतेवसिष्ठः वंचैवगर्गास्त्रि दिनंतथात्रिः। तज्जन्मपक्षंकिलभागुरिश्चव्रते विवाहे गमनेक्षुरेच।

* ज्येष्ठ के महीने में विवाह का विचार *

जहां पर लड़का जेठा हो, कन्या भी जेठी हो और जेठ का महीना हो इस को तीन जेठ कहते हैं यह तीन जेठ विवाह में सर्वथा वर्जित कहे हैं और जहां पर जेठा लड़का और जेठ का महीना, अथवा जेठी लड़की और जेठ का महीना हो इस को दो जेठ कहते हैं, यह दो जेठ विवाह में मध्यम कहे हैं, और जहां लड़का और लड़की जेठे न हों केवल जेठ का महीना हो—यह एक जेठ विवाह में उत्तम कहा है, इसी तरह लड़का और लड़की जेठी हों किन्तु जेठ का महीना न हो इन दोनों का विवाह भी न

करे (वराह:) द्वौजेष्टौ मध्यमौप्रोक्तावेकोज्येष्ट;शुभावह; । ज्येष्टत्रयंनकुर्वीत् विवाहे सवसम्मतम् ॥ (गर्ग;) ज्येष्टाया कन्यकायाश्चज्येष्ट पुत्रस्य वैमिथ; । विवाहोनैवकर्तव्योयदिस्यान्निधनंतयो; । जब तक
१४ कृतिका नक्षत्र में सूर्य रहे तब तक ज्येष्ट महीने का निषेध होता है । (भारद्वाज;) कृतिकास्थंरवित्यक्त वाज्येष्टे ज्येष्टस्यकारयेत् । विवाहादीनिकार्याणिदिनानिदशवजयेत् ॥

ज्येष्ट के महीने की तरह मार्गशीर्ष महीने में भी आद्य गर्भ का विवाह न करे (भारद्वाज;) मार्ग शीर्ष तथाज्येष्टे क्षौरं व्रतम् । आद्यपुत्रदुहित्रोश्चयत्नत:परिवर्जयेत् ॥

विवाह में विशेष विषयों पर विचार

पुत्र के बिवाह से पीछे अपनी कन्या या अपने कुल की कन्या का बिवाह ६ महीने तक न करे, अर्थात् लड़की के विवाह से पीछे लड़के का विवाह हो सकता है, इसी तरह विवाह से पीछे मुंडन व यज्ञोपवीत ६ महीने तक न करे, (नारद:) पुत्रोद्वाहात्परं पुत्रि विवाहनऋतुत्रये । कुर्यान्नव्रतमुद्वाहान्मगले नाप्यमंगलम् ।

दो सगे भाईओं का विवाह दो सगी बहिनों से न करे, (नारद:) नचैकजन्मनो: पुंसोरेकजन्मे तुकन्यके । नूनंकदाचिदुद्वाह्यो नैकदामु डनद्वयम् ॥ तथा एक वर के साथ दो सगी बहिनों का विवाह न करे (वसिष्ट:) न पुत्रीद्वयमेकस्मै प्रदद्यात्त कदाचन् ॥ जिस वर को कन्या दे; उसकी बहिन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे (नारद:) प्रत्युदाहोने नैवकार्यो नैकस्मै दुहितृद्वयम, दो सगे भाईयों का विवाह ६ महीने के भीतर न करे (वसिष्ठ:) [illegible] षण्मासाभ्यंतरेयदि । असं

शयंत्रिभिर्वर्षैतत्रैकाविधवाभवेत् ॥ दो सगे भाईयों का, वा भाई बहनों का अथवा दो सगी बहनों का
१५ एक संस्कार ६ महीने में न करे, (बृद्धमनु) एकमातृ जयोरेकवत्सरे पुरुषस्त्रियोः नसमान क्रियां कुर्यान्मा-
तृभेदेविधीयते ॥ भिन्न माता के उदर से उत्पन्नहुवे २ अथवा यमलभाई वा बहनों का एक संस्कार द्वारा
भेद, मंडपभेद और आचार्य भेद से हो सकता है, इसी तरह मंगल कर्म से पीछे ६ महीने तक पितृकर्म
न करे, अथवा वर्ष भेद के हो जाने से ६ महीने के भीतर भी हो सकता है, जैसे माघ फागुन में विवाह
किया हो तो वैशाख में मुंडन वा यज्ञोपवीत करने से दोष नहीं होता, बड़े मंगल कर्म से पीछे लघु-
मंगल कर्म न करे यह ६ महीने का निषेधतीनपीढ़ी के पुरुषों के लिए ही कहा है, चौथी पीढ़ी के पुरुष
को दोष नहीं होता ।

अथ वाग्दानम्

वर निर्विघ्नार्थ तथा मङ्गल कामना के लिये संकल्प पूर्वक प्रथम गणपत्यादि देवों का पूजन करे तदनन्तर शुभ मुहूर्त में वर के घर पर गया कन्या का भाई पुरोहित वा अन्य कोई योग्य ब्राह्मण उत्तर वा पश्चिम को मुख किये बैठकर पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केसर चन्दनादि से तिलक द्वारा पूजन करके और वर के मुख में एक छुहारे का फल वा पतासा देकर स्वयं पूगीफल, यज्ञोपवीत, पात्र, वस्त्र तथा यथोचित द्रव्य हाथ में लेकर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़ कर वर को देवे ।

मन्त्र :—तस्मिन् कालेऽग्नि सान्निध्ये स्नातः स्नोतह्य रोगिणि ।
अभ्यङ्गेऽपतिते ऽक्लीवे पिता तुभ्यं प्रदास्यति ॥

कन्या दान दिने दाता का नियम

१६ कन्या दान के दिन दाता उपवास करे यदि उपवास करने के असमर्थ हो तो वह जल, मूल, फल, दूध आदि का उपयोग कर सकता है क्योंकि (स्कन्द) में लिखा है कि जल, मूल, फल, दूध ब्राह्मण की आज्ञा, हवि तथा बृद्धों का वचन और ओषधि यह आठ वस्तुएँ व्रत को नाश नहीं करतीं अर्थात् असमर्थ पुरुष इनके सेवन से व्रत हीन नहीं होता ॥ अष्टैतान्यव्रतघ्नानि ह्यापोमूलं फलं पयः । हविर्ब्राह्मण काम्यया गुरुवचनमौषधम् । अनुकल्पो नृणां प्रोक्तः क्षीणानां वर वर्णिणानी ॥ उपवास के दिन दन्त धावन न करे ॥ दान व्रत का नियम मदन रत्नाकर ने ऐसे लिखा है ।

'दान व्रतानि नियमाः ज्ञानं ध्यानं हुतं तप । यत्नेनापि कृतं सर्व क्रोधितस्य वृथा भवेत् ॥

अर्थात् दान, व्रत, नियम, ज्ञान, ध्यान यज्ञ और तप ये सब बड़े परिश्रम से किये हुए क्रुद्ध हो जाने पर निष्फल हो जाते हैं ।

रामशरण दास ज्योतिषाचार्य
पंचांग दिवाकर कर्ता
जालन्धर नगर

* अथ विवाह सामग्री *

केले के थम्भ ४ या डांगां ४ (वेदी)
गोटा सफेद
माष काले, जंदरा
नारियल १
आटा, पुष्प, मौली
चंदन
सेहरे, पुष्प
सुपारियां
धोती, तौलिया
घी हवन के लिए
छायापात्र के लिए दो कटोरे कांसी के
शिला
स्रुवा
डोने
छाज
केसर
परने चार

कपड़ा सुर्ख २ गज़
मूढ़े २
घड़ा
आम के पत्ते
पंचरंग, रौली
चावल
धूप, दीपक, रूई, पान
दूर्वा, कुशा, विष्टर
दही, शहद, घी
गाय का गोबर
प्रोक्षणी प्रणीता के लिए २ कटोरे
शंखी १
अँगूठी स्वर्ण की
गंगा जल
समिधा
कुजे ४
फुलियां, धाईं

विवाह मंडल

विवाहादौ लिखेन्नित्यं तिलकंनाममण्डलम् । द्वादशांगु लमध्यस्थं वर्त लाष्टदलं रविम् ।। चतुर्विंशतिराग्नेय्यां चंद्रमर्द्ध लिखेसथा ।। त्रिकूटं भूसुतं चैव दक्षिणे चतुरङ्गु लम् धनुराकरं नवांगुल्यमिशाने च बुधं तथा । उत्तरे च गुरु स्थाप्यः पदमाकारो नवांगुलः ।। पूर्वे संस्थाप्येच्छुक्रं चतुष्कोणं नवांगुलम् । स्थाप्यः पद्माकारो नवांगुलः ।। पूर्वे संस्थाप्येच्छुक्रं चतुष्कोणं नवांगुलम् । खङ्गाकृतिं नवांगुल्यं प्रतीच्यां शनिमेव च ।। राहु संस्थाप्य नैर्ऋत्यां मत्स्याकारंनवांगुलम् । केतु दीर्घ यथा राहुँ वायव्यां दिशि संस्थितम् ।।

स्वास्वः दिक्षु ग्रहाः स्थाप्याः संख्यारेखा भवेद्ध्रुवम् ।। भास्करांगारकौ रक्तौ श्वेतौ शुक्र निशाकरौ ।। सोमपुत्रो गुरुश्चैव उभौतापीतकौस्मृतौ । कृष्णवर्णो भवेत्सौरी राहुकेतू च धूम्रकौ ।। ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च उत्तरे च तथोऽनलः । इन्द्रो वायु भर्वे त्पूर्वे सर्पः कालश्चदक्षिणे । ऐशान्यां कलशं स्थाप्य ओंकारादींश्चसर्वशः । मातरश्चोत्तरे स्थाप्या आग्नेय्यां योगिनीर्न्यसेत कनिष्ठिका प्रमाणेन रेखाः कार्य्याः प्रयत्नतः ।। स्थूलाः सूक्ष्मा न कर्तव्यायदीच्छेच्छुभमात्मनः ।

॥ श्री ॥

विवाह पद्धति

(भाषाटीका सहित)

श्री गणेशायनम:

**प्रणम्य लम्बोदर पार्वतीशम विमुक्तिहेतु गुरुं पादपद्मम्।
प्रदर्शयेयं मतमार्षमेव विवाहकाले हतवादिवादम्॥ १॥**

श्री गणेश और सरस्वती को प्रणाम करके और गुरु जी के कमल चरणों से ज्ञान प्राप्त करके मैं राम शरण शर्मा लोक हितार्थ के लिए शास्त्रों के सार से इस विवाह पद्धति को बनाता हूँ।

वर पूर्व को मुख करके आसन पर बैठे और पण्डित जी नीचे लिखे मन्त्रों को पढ़कर दूबी से गंगाजल का छींटा लगावे।

। अथ मन्त्रः ॥

ओं अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा। यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं सवाह्याभ्यन्तरः शुचिः॥ ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु॥

पुरोहित नीचे लिखे मन्त्र से वर के आसन पर चावल छोड़े।

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्व विघ्नोपशान्तये।

✱ यहां शंका होती है कि अन्य दानों में दाता पूर्वाभिमुख वैठकर दान देता है परन्तु कन्यादान में किस प्रमाण से दाता उत्तर मुख और वर पूर्वाभिमुख वैठे। इसके लिये संस्कार भास्कर में लिखा है सर्वत्र प्राङ मुखो दाता प्रति ग्राही उदङ् मुखः। एवं एव विधिर्यत्र कन्यादाने विपर्ययः॥

व्यास स्मृतौ-(प्रत्यङ् मुखं स्थापयेत, देवं पूज्यं वर विना॥ वरस्तु प्राङ् मुखः पूजकः स्यादुद् मुखः'')

॥ अथ श्री गुरुध्यानम् ॥

ओ३म् अज्ञानतिमिरान्धस्य-ज्ञान ञ्जन शलाकया। चक्षुरुन्मीलितंयेन तस्मै श्री गुरवे नमः ॥१॥ गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुरेव परंब्रह्म-तस्मै श्री गुरवे नमः ॥२॥ अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरवेनमः ॥३॥

पण्डित सब मनुष्यों के हाथ मैं चावल दे और फिर मन्त्र पढ़े।

हरिःओं, स्वस्ति नःइन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनः पूषा विश्ववेदाः स्वस्तिनस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वास्तिनो बृहस्पतिर्द्दधातु। पयः पृथिव्यां पयओषधिषु पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः पयस्वतीः प्रदिश ÷ सन्तु मह्यम् ॥ विष्णो रराटमसि

विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णोर्ध्रुवोऽसि वैष्णवमसि विष्णवेत्वा ॥ अग्निर्देवता वातोदेवता सूर्योदेवता चन्द्रमादेवता वसवो देवता रुद्रादेवता आदित्यादेवता मरुतो देवता विश्वेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रोदेवता वरुणोदेवता, द्यौःशान्तिरन्तरिक्षँ शांतिः ÷ पृथिवीशांतिरापःशांतिरोषधयः शांति ÷ वनस्पतयःशान्तिविश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शांतिःसर्वँ शांतिः शांतिरेव शांतिः सामा शांतिरेधि,सु शांतिर्भवतु ओं विश्वानिदेव सवितर्दुरितानि परासुव यद्भद्रन्तन्न आसुव, इमारुद्रायतवसेकपर्दिने क्षयद्वीरायप्रभरामहेमतीःयथाशाम सद्द्विपदे चतुष्पदे विश्वंपुष्टं ग्रामे अस्मिन्ननातुरम्

एतन्ते देव सवितर्यज्ञं प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे तेन यज्ञमव तेन यज्ञपतिं तेनमामव, मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमि तनो त्त्वरिष्टं यज्ञँ समिमं दधातु विश्वेदेवा सइह माद यन्तामों प्रतिष्ठ। एषवै प्रतिष्ठानाम यज्ञो यत्रैतेन यज्ञेन यजन्ते सर्वमेव प्रतिष्ठितं भवति ॥९॥ ओं सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तुदेवाः ॥१०॥

ओं गणानां त्वा गणपतिँ हवामहे, प्रियाणां त्वा प्रियपतिँ हवामहे। निधीनां त्वा निधिपतिँ हवामहे वसो मम। आहमजानि गर्भधमात्वा मजासिगर्भधम् ॥ ११ ॥ नमोगणेभ्यो गणपतिभ्यश्चवोनमोनमो, व्रातेभ्योव्रातपति

भ्यश्चवो नमो नमो, गृत्सेभ्योगृत्सपतिभ्यश्चवो नमो नमो विरुपेभ्यो विश्वरुपेभ्यश्चवो नमोनमः॥ १२॥ ओं समुखश्चैक-दन्तश्चकपिलोगजकर्णकः। लम्बोदरश्च विकटो विघ्न नाशो विनायकः ॥ धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रोगजाननः । द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि ॥ विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा । संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते। अथातः संप्रवक्ष्यामि गणयोगे सुखावहम। कामुके वासवे यज्ञोविवाहेब्रत संयमे ॥ श्री गणपतये नमः ॥

यहां गुड़ को एक रोली पर मौली लपेट कर गणपति पर रक्खे।

कन्या का पिता अर्घे में जल लेकर संकल्प करें।

ओं तत्सदद्ये त्याद्युक्त्वा अमुक गोत्रोऽमुक शर्मा श्रुत्याद्युक्त फलावाप्ति कामो ऽवगतानवगतानेक जन्माधिकरणकाय वाङ्मानस कृतकोटिशः पाप महा पापोप पापशमन पूर्वक श्री यज्ञपुरुष नारायण प्रीतये कन्यादान नैमित्तकशान्तिकर्माहं करिष्ये तन्निर्विघ्नपरि समाप्ति कामो यथालब्धोपचारैं गणपत्यादीनहं पूजयिष्ये

वर अर्घे में जल लेकर संकल्प करें।

ओंतत्सदद्येत्याद्युक्त्वाअमुकगोत्रोअमुकशर्माश्रीलक्ष्मी नारायणप्रसादकरणकंयावज्जीवपत्न्यासहायुरारोग्य सम्प-त्ति समृद्धि पूर्वकं परमसुख प्राप्तये धर्मार्थ काम सिद्ध्यर्थ

२६ सत्संस्कारस्वकीयोद्विवाहकर्मांगमहंकरिष्ये। तन्निर्विघ्न परि-
समाप्तिकामो गणपत्यादीन्यथा लब्धोपचारैरर्च्चयिष्ये।

॥ अथ गणपति पूजनम् ॥

ओं भूर्भुवः स्वः भगवन् गणपति दैवतइहागच्छइहातिष्ठ सुप्रतिष्ठो वरदो भव ममपूजां गृहाण। पाद्यम् अर्घ्यं आचमनीयम् स्नानम् समर्पयामि, मांगल्यसूत्रंसमर्पयामि गन्धम्समर्पयामि, अक्षतान् समर्पयामि, पुष्पम् सम० धूपं आघ्राह्यम् दीपंसम० नैवेद्यम् नैवेद्यान्तर पुनराचमनीयम् पूगीफलं स० इमां दक्षिणाञ्च समर्पयामि। भगवन् गणपते पाद्यादिभिः सुपूजितः प्रसन्नोभव।

फिर हाथ जोड़ कर नमस्कार करे

ॐ वक्रतुण्डमहाकाय सूर्य कोटि समप्रभ । अविघ्नं कुरु मे देव सर्व कार्येषु सर्वदा । इति नमस्कुर्यात् ॥

अथ ओंकार पूजनम्

ॐ आवाहयाम्यहंदेवमोङ्कारं । परमेश्वरं । त्रिमात्रं त्र्यक्षरं दिव्यं त्रिपदं च त्रिदैवकम् ॥ त्र्यक्षरं त्रिगुणाकारं सर्वाक्षरमयंशुभम् । त्र्यर्णवं प्रणवं हंसं स्रष्टारं परमेश्वरम् ॥ अनादि निधनंदेवमप्रमेयं सनातनम् । परं परतरं बीजं निर्मलं निष्कलं शुभम् ॥

ॐ आब्रह्मन ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामाराष्ट्रे राजन्यः

शूरइषव्योति व्याधी महारथो जायातान्दोगध्री धेनुर्वो-
ढान ड्वानाशः सप्तिः पुरन्धिर्योषाजिष्णूरथेष्ठाः सभेयो
युवास्ययजमानस्य वीरोजायताग्निकामे निकामनः पर्ज्ज-
न्नयो वर्षतु फलवत्त्यो न औषधयः पच्यंतां योग क्षेमो
नं÷ कल्पताम् ।

ओं भूर्भुवःस्वः इत्यादिना ओंकारमावाह्य ॥ ओंकारं
विन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायंति योगिनः । कामदं मोक्षदं चैव
ओंकारायनमो नमः ॥ इति नमस्कुर्यात् ॥

रक्षा-बन्धनम्

ॐ मानः शँ सोऽअररुषो धूर्तिः प्रणङ् मर्त्यस्य रक्षाणो

ब्रह्मणस्पते ॥ १ ॥ यदा वध्नन् दाक्षायणा हिरण्यँ शतानीकाय सुमनस्य मानाः । तन्म आबध्नामि शतशारदायायुष्माँजरदष्टिर्यथासम् ॥ २ ॥ इति पठन् यजमान दक्षिणकरमूले कङ्कणं बध्नीयात् ।

॥ अथ मातृ पूजनम् ॥

ॐ गौरी, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देव, सेना, स्वधा, स्वाहा, मातरो लोकमातरः हृष्टिः, पुष्टिस्तथा तुष्टिस्तथात्मनः कुलदेवता, श्री कलदेव्यन्तर्गत गौर्य्यादिषो ड़श मातृभ्यो नमः ।

॥ कलश पूजनम् ॥

ओं ऋग्वेदाय नमः, यजुर्वेदाय नमः सामवेदाय नमः

अथर्ववेदाय नमः, कलशायनमः, रुद्राय नमः, वरुणाय नमः समुद्राय नमः, गङ्गायै नमः यमुनायै नमः सरस्वत्यै नमः कलशकुम्भाय नमः॥ ओं वरुणस्योत्तंभनमसि वरुणस्यस्कम्भसर्जनीस्थोवरुणस्य ऽऋत सदन्यसि वरुणस्य ऽऋत सदनमसि वरुणस्य ऽऋत सदनमासीद् ॥ ब्रह्मणा निर्मितस्त्वं हि मंत्रैरेवामृतोद्भवैः ॥ प्रार्थयामि च कुम्भ त्वां वांछितार्थन्तु देहि मे ॥ नमस्कार करो।

वास्तु पूजनम्

अथातः संप्रवक्ष्यामि यदुक्तं वास्तुपूजनम्। येन पूजा विधानेन कर्म सिद्धिस्तु जायते॥ अनन्तं पुण्डरीकाक्षं

फणाशत विभूषितम् । विद्युद्वन्धूकसाकारं कूर्मारूढ़
प्रपूजयेत् ॥

॥ नस्कारम् ॥

ओं नमोस्तु सर्पेभ्यो ये के च न पृथिवी मनुाये
अन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः मर्पेभ्यो, नमः वासुक्याद्यष्ट कुल
नागेभ्यो नमः ॥

॥ अथ योगिनी पूजा ॥

ओं आवाहयाम्यहं देवीं योगिनी परमेश्वरीम् योगाभ्या
सेन संतुष्टा पर ध्यान समन्विता ॥ १ ॥ दिव्य कुण्डल
संकाशा दिव्य ज्वाला त्रिलोचना, मूर्तिमतिह्य मूर्ता च
उग्रा चैवोग्र रूपिणी ॥२॥ अनेक भाव संयुक्ता मंसारार्णव

डाकिनी काली कालरात्रो निशाचरी ॥४॥ हुंकारी सिद्ध
वेतालो खर्परी भूत गामिनी, ऊर्ध्वकेशी विरूपाक्षी शुष्कां
गी मांस भक्षिणी ॥ ५ ॥ फूत्कारी वीर भद्राक्षी धूम्राक्षी
कलह प्रिया रक्ता च घोररक्ताक्षी विरूपाक्षी भयंकरी॥६॥
चौरिका मारिका चण्डी वाराही मुण्डधारिणी भैरवी
चक्रिणी क्रोधा दुर्मुखी प्रेतवासिनी ॥७॥ कालाक्षी
मोहिनी चक्री कंकाली भुवनेश्वरी । कुण्डला तालकौमारी
यमदूती करालिनी ॥८॥ कौशिकी यक्षिणी यक्षी कौमारी
तारिणी, यज्ञं कुर्वन्तु निर्विघ्नं श्रेयो यच्छन्तु मातरः ॥३॥
दिव्य योगी महायोगी सिद्धयोगी गणेश्वरी, प्रेताशी

यंत्रवाहिनी, ।९॥ दुर्घटे विकटे घोरे कपाले विष लंघने
चतुः षष्टिः समाख्याता योगिन्यो हि वर प्रदाः ॥ १० ॥
त्रैलोक्ये पूजिता नित्यं देवमानुष्ययोगिभिः ॥११॥

॥ अथ ब्रह्मा पूजनम् ॥

ओं ब्रह्मजज्ञानं प्रथमम्पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचोवेन आवः सुबुध्न्याऽउपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्चविवः

॥ अथ विष्णु पूजनम् ॥

ओं विष्णोरराट्मसि विष्णोः श्नप्त्रेस्थो विष्णोः स्यूरसि विष्णो ध्रुवोसि वैष्णवमसि विशणवेत्वा ॥

॥ अथ शिव पूजनम् ॥

ओं नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च

मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवेतराय च ॥

॥ अथ लक्ष्मी पूजनम् ॥

ओं श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहो रात्रे पार्श्वे नक्षत्राणि रूपमश्विनौ व्यात्तम् । इष्णन्निषाणामुमम्ऽइषाण सर्व्वं लोकम्मऽइषाण ॥ श्री लक्ष्म्यै नम : ॥

॥ त्र्यबकं पूजन ॥

ओं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धि पुष्टि वर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योमुर्क्षीय माऽमृतात् ॥

॥ अथ सूर्य पूजा ॥

ओं आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतम्मर्त्यं-ञ्च हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्

ओं सूर्याय नमः॥

॥ अथ चन्द्र पूजा ॥

३५ ॐ इमन्देवा असपत्नँ सुवध्वम्महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय॥ इममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोमी राजा सोमोस्माकम् ब्राह्मणानाँ राजा ॐ सोमाय नमः॥

॥ अथ भौम पूजा ॥

ओं अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपाँ रेताँ सिजिन्वति। ओं भौमाय नमः॥

॥ अथ बुध पूजा ॥

ओं उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते सँ सृजे

थामयञ्च । अस्मिन् सधस्थे अध्युत्तरास्मिन्विश्वे देवा यजमानश्च सीदत । ओं बुधाय नमः ॥

॥ अथ गुरु पूजा ॥

ओं बृहस्पतेऽअतियदर्यो ऽअर्हाद्यु मद्विमाति क्रतु मज्जनेषु । यद्दीदयच्छवसऽऋत प्रजाततदस्मासुद्रविणं धेहि चित्रम् ॥ओं बृहस्पतये नमः

॥ अथ शुक्र पूजा ॥

ओं अन्नात्परिस्रु तो रसंब्रह्मणाव्यपिवत्त्क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानँ शुक्रमन्धस इन्द्रियस्येन्द्रियमिदंपयोमृतम्मधु ओं शुक्राय नमः ॥

३७

॥ अथ शनि पूजा ॥

ओं शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंयो रभिस्रवन्तुनः। ओं शनैश्चराय नमः॥

॥ अथ राहु पूजा ॥

ओं कयानश्चित्र आभुव दूती सदावृधः सखा। कयाश चिष्ठया वृता। ओं राहवे नमः॥

॥ अथ केतु पूजा ॥

ओं केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्याऽअपेशसे। समुषद्भि रजायथाः॥ ओं केतवे नमः॥

ओं ब्रह्मामुरारिस्त्रिपुरांतकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च गुरुश्च शुक्रः शनि राहु केतवःसर्वेग्रहाः शान्तिकरा

भवन्तु ॥

जल लेकर विनियोग करें ।

उों साधु भवानास्तामिति प्रजापति ऋषि ब्रह्मादेवता यजुश्छन्दो वरार्चने विनियोगः ।

कन्या का पिता वर के दाहिने घुटने पर अपना सीधा हाथ धर कर निचे लिखे मन्त्र से प्रार्थना करे ।

ओं साधु भवानास्तामर्चयिष्यामो भवन्तम् । इतिब्रूयात् ।

आप सावधान होकर (सुखसे) बैठें हम आपका पूजन करते हैं ।

वर कहे **उों अर्चय ।** पूजन कीजिए

पुरोहित कहे * **ओं विष्टरो विष्टरो विष्टरः**

यहां प्रश्न होता है कि बड़ा छोटे की पूजा कैसे कर सकता है, सो गृह्यसूत्र कण्डिका ३ सू १ में लिखा है—षडघर्या भवन्त्याचार्य ऋत्विग् वैवाह्यो राजा प्रियः स्नातक इति । अर्थात् १. गुरु, २. यज्ञ करवाने वाला ३. वर, ४. राजा ५. उत्तम मित्र, ६. वेद पढ़ा हुआ ब्रह्मचारी यह पूजा के योग्य लिखे हैं ।

* पचीस कुशाओं की वेणी बनाकर आगे गांठ लगाना यह विष्टर है ।

(कन्या का पिता कहे) **ओं विष्टरः प्रतिगृह्यताम्** । आप विष्टर ग्रहण कीजिये ।

(वर कहे) **ओं विष्टरं प्रतिगृह्णामि** । मैं विष्टर ग्रहण करता हूं ।

जल लेकर विनियोग करे ।

ओं वर्ष्मोऽस्मीत्याथर्वण ऋषि विष्टरो देवताऽनुष्टुपुछन्दः उपवेशने विनियोगः ।

वर उत्तराग्र विष्टर को दोनों हाथों से पकड़े और आसन पर रखकर नीचे मन्त्र से इस पर बैठे ।

ओं वर्ष्मोऽस्मि समानानामुद्यतामिव सूर्यः इमं तमभि-तिष्ठामि यो मां कश्चाभिदासति ।

ऐसा कहकर वर उत्ताग्र विष्टर पर बैठे । अर्थ, मैं अपनी जाति वालोंमें से सब से श्रेष्ठ हूं जैसे सूर्य उदय होने वाले ग्रहनक्षत्र आदियों में श्रेष्ठ हैं जो कोई मनुष्य मेरा अपमान करना चाहे मैं उस पुरुष को विष्टर की भांति बांधकर पांवों तले कुचल दूंगा ।

पण्डित कहे) **ओं पाद्यं पाद्यं पाद्यम्** ।

(कन्या का पिता कहे) **ओं पाद्यं प्रतिगृह्यताम्** । पाद्य ग्रहण कीजिये ।

(वर कहे) **ओं पाद्यं प्रतिगृह्णामि ।** मैं पाद्य ग्रहण करता हूँ ।

फिर नीचे लिखे मन्त्र से वर यदि ब्राह्मण हो तो पहिले दाहिना पांव यदि क्षत्रिय हो तो पहिले वाम पांव धोवे । जैसे हरिहर भाष्य में लिखा है । ❀

ओं विराजो दोहोसि विराजो दोहमशीय मयि पाद्याय विराजो दोहः ॥

हे जल ! आप जगत के सार हैं मैं उस संसार के सार आप को ग्रहण करता हूँ हे जगत के सार आप मेरे चरणों के धोने योग्य बनें ।

फिर और जल लेकर पण्डित पढ़े ।

ओं पाद्यं पाद्यं पाद्यम् ।

(कन्या का पिता कहे) **ओं पाद्यं प्रतिगृह्यताम् ।**

❀ यजमानार्पित पाद्योदकमादाय वाम चरणं प्रक्षाल्येतर प्रक्षालयति क्षत्रियादिरर्घ्यः, यदि ब्राह्मणो ऽर्घ्यस्तदा दक्षिणं प्रक्षाल्येतरं प्रक्षालयति इति हरिहर भाष्यम् ।

(वर कहे) उँ पाद्यं प्रतिगृह्णामि ।

फिर नीचे लिखे मन्त्र से वाम अथवा दक्षिण पैर को धोवे।

ओं विराजोदोहोसि विराजोदोहमशीय मयि पाद्याय विराजो दोहः ।

फिर दूसरा विष्टर लेकर पण्डित पढ़े ।

ओं विष्टरो विष्टरो विष्टरः ।

(कन्या का पिता कहे) ओं विष्टरः प्रतिगृह्यताम् ।

(वर कहे) ओं विष्टरं प्रतिगृह्णामि ।

वर विष्टर को लेकर उत्तराग्र करके पांव के नीचे रखे और नीचे लिखा मन्त्र पढ़े ।

ओं वर्ष्मोऽस्मि समानानामुद्यतामिव सूर्यः इमं तमभितिष्ठामि यो मां कश्चाभिदासति ।

जल लेकर विनियोग करें ।

ओं अर्घ इत्यादेर्विष्णु ऋषि स्त्रिष्टुप छन्दो विष्णुदेवता अर्घदाने विनियोगः ॥

फिर दाता दूर्वा, अक्षत, गन्ध, पुष्प, जल से मिले हुए अर्घ पात्र को ले ।

(पण्डित पढ़े) **ओं अर्घो ऽर्घो ऽर्घः ।**

(कन्या का पिता कहे) **ओं अर्घः प्रतिगृह्यताम् ।** (अर्घ ग्रहण कीजिए ।

(वर पढ़े) **ओं अर्घं प्रतिगृह्णामि ।** मैं अर्घ ग्रहण करता हूँ ।

फिर वर ऽर्घ लेकर उस में से अक्षतादि को नीचे लिखे मन्त्र से शिर पर धारण करे ।

ओं आपःस्थ युष्माभिः सर्वान् कामानवाप्नवानि ।

हे जलो ! आप सर्वत्र [illegible] वाले हैं, मैं आप के द्वारा सब कामनाओं को प्राप्त करूँ ।

जल लेकर विनियोग करें।

ओं समुद्रं व इत्यादि मंत्र त्रयस्याथर्वरण ऋषि बृंहती च्छंदोवरुणो देवता ऽर्ध जलप्रवाहे विनियोगः॥

शेष जल को नीचे लिखे मन्त्र से ईशान कोण में छोड़ दें।

ओं समुद्रंवः प्रहिणोमि स्वां योनिमभिगच्छत। अरिष्टास्माकं वीरामा परासेचिमत्पयः॥ इत्यर्घपात्रस्थ जलमैशान्यां त्यजन्पठेत्॥

हे जलो! तुम्हें समुद्र को पहुंचाता हूँ इस लिए आप अपने कारण समुद्र की ओर जाओ, हमारे वीर उपद्रव रहित होवे, मेरे घर में सर्वदा शुभकार्य होते रहें जिससे मंगल जल मुझ से पृथक न हो॥

शुद्ध पात्र में पवित्र जल लेकर पण्डित कहे।

ओं आचमनीयं आचमनीयं आचमनीयम्

ओं आचमनीयं प्रतिगृह्यताम्। कन्या का पिता पढ़े आचमन कीजिए।

ओं आचमनीयं प्रतिगृह्णामि । वर पढ़े

मैं आचमन के जल को ग्रहण करता हूँ । यह कह कर कन्या के पिता के हाथ से आचमन ग्रहण करे ।

जल लेकर विनियोग करें ।

ओं आमागन्तिति परमेष्ठी ऋषि र्बृहतीच्छन्दः आपोदेवता अपामुपस्पर्शने विनियोगः ॥

नोट—नीचे लिखे मन्त्र से एक बार आचमन करे दो बार चुप बिना मन्त्र के आचमन करे ।

ओं आमागन्यशसा सँ सृज वर्चसा । तंमा कुरु प्रियं प्रजानामधिपतिं पशूनामरिष्टं तनूनाम् ॥ इत्यनेन सकृदाचामेत । द्विस्तूष्णीम्

हे वरुणदेव मुझे यश वाला तथा तेजस्वी बनाओ । अपनी सन्तान तथा अन्य लोगों का प्यार बनाओ गौ हाथी घोड़े आदि पशुओं का स्वामी तथा प्राणियों को सुख देने वाला बनाओ ।

फिर कांसी के पात्र में दधि, मधु, घृत कांस्य पात्र से ढके हुए लावे

ओं मधुपर्को मधुपर्को मधुपर्कः पण्डित पढ़े

ओं मधुपर्क प्रतिगृह्यताम् कन्या का पिता पढ़े (मधुपर्क लीजिये)

ओं मधुपर्क प्रतिगृह्णामि । वर पढ़े

मैं मधुपर्क को ग्रहण करता हूँ यहां वर केवल ऊपर से वर्तन को उठावे। जिस से मधुपर्क ढ़का हुआ है और नीचे लिखे मन्त्र से उसको देखे।

नोट :—मधुपर्क की विधि : एक हिस्सा घृत २ हिस्से दधि और एक हिस्सा मधु मिला कर मधुपर्क बनावे।

दधि मधु और घृत यह तीनों वस्तुए पवित्र हैं और अनेक रोगों को नाश करने वाली हैं इन पवित्र वस्तुओं के भक्षण करने से अशुभ विचार वा भाव दूर होते हैं, शरीर में पवित्रता आती है। शुद्ध पवित्र मनुष्य को दान देना और लेना शास्त्रों में लिखा है तींन वार भक्षण करने से मन वाणी तथा शरीर इन तीनों में पवित्रता आती है।

जल लेकर विनियोग करें।

ओं मित्रस्येति प्रजापतिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दो मित्रो देवता मधुपर्क दर्शने विनियोगः।

ओं मित्रस्यत्वा चक्षुषा प्रतीक्षे।

हे मधुपर्क मैं तुझे मित्र अथवा सूर्य्यदेव के नेत्रों से देखता हूँ।

जल लेकर विनियोग करें।

ओं मधुपर्क निरीक्ष्य देवस्य त्वेति ब्रह्मात्रृषिर्गायत्रो चछन्दः सविता देवता मधुपर्क ग्रहणे विनियोगः।

नीचे लिखे मन्त्र से मधुपर्क को लेकर वाम हाथ वर वर रखे।

ओं देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे ऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां प्रतिगृह्णामि।

हे मधुपर्क मैं अश्विनी कुमारों की भुजाओं से और पूषा के हाथों से तुझे ग्रहण करता हूँ।

जल लेकर विनियोग करें।

ओं नमःश्यावेति प्रजापति ऋषि गायत्री छन्दः सविता देवता मधुपर्का लोडने विनियोगः।

फिर नीचे लिखे मन्त्र से तीन बार दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली से हिलाकर अनामिका

और अंगुष्ठा से पृथ्वी पर गिरावे ऐसे तीन वार करे। और मन्त्र भी तीन बार पढ़ना चाहिये ऐसा योगी याज्ञवल्क्य और भाष्यकार का कथन हैं।

ओं नमःश्यावास्यायान्नशने यत्त आविद्धंतत्ते-निष्क्रन्तामि ॥

हे कपिशमुख। [भूरे रंग वाले] तुमको मैं नमस्कार करता हूँ और तेरे में जो अविद्ध द्रव्य मिलते हैं वह पदार्थ मैं पात्र से बाहिर फैंकता हूं॥

फिर मधुपर्क कन्या को देखने के लिये देवे।

जल लेकर विनियोग करें।

ओं यन्मधुनइत्यस्य कोत्सऋषि जातोछन्दः मधुपर्को देवता मधुपर्क प्राशने विनियोगः।

नीचे लिखे मन्त्र को तीन बार पढ़ कर तीन बार मधुपर्क खावे।

ओं यनमधनो मधव्यं परमँ रूपमन्नाद्यं तेनाहं मधुनो मधव्येन परमेण रूपेणान्नाद्येन परमो मधव्यो-

ऽन्नादोसानीति ॥

मैं सर्वगुणों से श्रेष्ठ मधुपर्क के तुल्य अन्नादि के भोगने वाला होऊं।

तत आचम्य । [फिर तीन बार आचमन करे]

फिर नीचे लिखे मन्त्रों से अंगों को स्पर्श करे।

ओं वाङ्ग मे आस्येऽस्तु ॥ [मेरे मुख में वाणी देवता रहे]

ओं नसोर्मे प्राणोऽस्तु ॥ [मेरी नासिकाओं में प्राण रहें]

ओं अक्षणोर्मे चक्षुरस्तु ॥ [मेरे नेत्रों में दृष्टि बनी रहे]

ओं कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु ॥ [मेरे कानों में सदा सुनाई देवे]

ओं बाह्वोर्मे बलमस्तु ॥ [मेरी दोनों भुजाओं में बल रहे]

ओं ऊर्वोर्मे ओजोऽस्तु ॥ [मेरे उरुस्थल में सामर्थ्य हो]

ओं अरिष्टानि मेऽङ्गानि तनूस्तन्वा मे सहसन्तु ॥

मेरे शरीर के समग्र अङ्ग नीरोग रहें ।

यदि गौ देने की सामर्थ्य न हो अथवा किसी कारण वहां गौ उपस्थित न हो सके तो यजमान वर के आगे उत्तराग्र कुशा बिछा कर यथा शक्ति वर को धन देकर नीचे लिखा मन्त्र पढ़े ।

ओं गौ गौ गौरिति । [कन्या का पिता पढ़े]

जल लेकर विनियोग करे ।

ओं माता रुद्राणामिति मंत्रस्य ब्रह्मा ऋषि स्त्रिष्टुपछन्दः गौरिर्देवताभिमन्त्रणे विनियोगः ।

आजकल प्रायः गौ उपस्थित न होने के कारण दाता कन्या को पकड़ कर वर के हाथ में देता है और साथ दक्षिणा दोनों लेकर वर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़े ।

ओं मातारुद्राणां दुहिता वसूनाँ स्वसादित्यानाम-मृतस्यनाभिः । प्रनुवोचंचिकितुषे जनायमागामनागाम

दितिर्वधिष्ट ॥ मम [लड़के का नाम] चामुष्य चामुक [कन्या के पिता का नाम] शर्म्मणो यजमानस्योभयोः पाप्माहतः ॥ ओं उत्सृजत तृणान्यत्तु इति तृणंछिन्द्यात् ॥

यह गौ रुद्रों की माता है, वसुओं की कन्या है, आदित्यों की भगिनी है और अमृत युक्त है इस कारण मैं आप ज्ञानवान से कहता हूँ कि तुम यह मुझे दो। मुझ वर का, और अमुकनाम कन्या पिता [यजमान] का गौ के दर्शन से पाप नष्ट हुआ।

ततो वेदिकायां तुषकेश शर्करादि रहितायां हस्त मात्र परिमितां चतुरस्रां भूमिं कुशैःपरिसमुह्य तान् कुशानैशान्यां परित्यज्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्फयेन स्रुवेण वा प्रागग्र प्रादेशमात्रमुत्तरोत्तर क्रमेण

त्रिरुल्लिख्योल्लेखन क्रमेणानामिकाङ्गुष्ठाभ्यामुद्धृत्य जलेनाऽभ्युक्ष्य ॥

गोदान के उपरान्त तुष केश आदि अपद्रव्यों से रहित वेदी में चारों तरफ हाथ २ भूमि मापे उसमें शुद्ध रेत की स्थण्डिल बनावे और कुशा से साफ करके कुशा को ईशान कोण में फैंक देवे ऊपर गोबरादि से लेपन करे, फिर स्फय से अथवा स्रुवे से पूर्वाग्र पश्चिम से पूर्व की ओर तथा दक्षिण से उत्तर की ओर तीन रेखा करे, फिर अंगुष्ठ और अनामिका से तीन वार मृत्तिका निकाल कर बाहिर फैंके और फिर शुद्ध जल से अभ्युक्षण करे।

तत्र तूष्णीं कांस्य पात्रस्थवन्हि मादाय प्रत्यङ्मुखं समाधाय तद्रक्षणार्थं किञ्चिन्नियुज्य कौतुकागाराद्वरः कन्यामानीय मण्डपे कन्या द्वै मातुरोङ्कार लक्ष्मी कुवेरानर्चयेत् ॥

कांस्य पात्र में स्थित दूसरे कांस्यपात्र से अग्नि को ढक कर स्थापन करने वाला पूर्व की ओर मुख कर अग्नि को चुपचाप स्थापन करे फिर लड़की को कौतुकागार से लावे और

लड़का खड़ा होवे फिर दोनों बैठ जावें। और लड़की से गणपत्यादि पूजन करावें।

ततो यजमानोवराय वस्त्र चतुष्टयं प्रयच्छति, तेषु वरो वस्त्र द्वयं कन्यायै ददाति वस्त्र द्वयञ्च स्वयं परिधत्ते॥

लड़की से पूजन के उपरान्त यजमान वर को चार वस्त्र दे उनमें से वर दो वस्त्र कन्या को देवे और दो स्वयं धारण करे।

जल लेकर विनीयोग करे।

ॐ जरांगच्छेति मंत्रस्य प्रजापतिऋषि स्त्रिष्टुपछन्दः तन्तवो देवता वस्त्रपरिधाने विनियोगः

ओं जराङ्गच्छ परिधत्स्ववासो भवाकृष्टीनामभिश-स्तिपावा। शतञ्च जीवशरदः सवर्च्चा रयिञ्च पुत्रा-ननुसंव्ययस्वाऽऽयुष्मतीदँ परिधत्स्ववासः॥ इति

पठित्वा परिधान वस्त्रं तस्यै ददाति वरः ॥

हे कन्या ! तू मेरे साथ वृद्ध-अवस्था को प्राप्त हो और मुझ से दिये वस्त्र को पहिन। मेरे घर में कलह कारिणी मत हो और सौ वर्ष जीती हुई तेज वाली होकर धन और पुत्रों से युक्त हो और तू वस्त्रों से रहित मत हो।

इस मन्त्र से वर कन्या को वस्त्र देवे।

ओं या अकृन्तन्नवयन् या अतन्वत याश्च देवी-स्तन्तूनभितोततन्थ । तास्त्वा देवीर्जरसे संव्ययस्वा-ऽऽयुष्मतीदं परिधत्स्ववासः ॥ इति पठित्वा-उत्तरीयं ददाति वरः ॥

जिन देवियों ने इस वस्त्र को काता है और तना है वह तुझे निरन्तर वृद्धावस्थापर्यन्त धारण करावें, इसलिये हे चिरञ्जीविनी इस वस्त्र को धारण करे।

इस मन्त्र को पढ़ कर वर कन्या को दूसरा वस्त्र (दुपट्टा) देवे ।

जल लेकर विनीयोग करे ।

परिधास्ये इत्यादि मन्त्रस्याथर्वणं ऋषि स्त्रिष्टुपछन्दः तन्तवोदेवतावासः परिधाने विनियोगः ।

ओं परिधास्यै यशोधास्यै दीर्घायुत्वाय जरदष्टिरस्मि शतञ्चजीवामि शरदः पुरुचीरायस्पोष मभिसंयव्यिष्ये इति पठित्वा वरः परिधत्ते ॥

हे ! वस्त्र के देवता । नाना प्रकार के शुभ और सुन्दर वस्त्र धारण करने के लिए यश की वृद्धि के लिये और दीर्घकाल जीवन के लिए मैं इस वस्त्र को धारण करता हूँ । और इसके सम्बन्ध से सौ वर्ष जीवित रहूँ । इस मन्त्र को पढ़कर वर वस्त्र धारण करे ।

जल लेकर संकल्प करे ।

ॐ यशसेत्यादि मन्त्रस्य प्रजापति ऋषि र्जगतीछन्दो विधात्र्यो देवता वासोधारणे विनियोगः

ओं यशसा माद्यावा पृथिवी यशसेन्द्रा बृहतीयशोभगश्च मा विदद्यशो मा प्रति पद्यतामितिपठित्वोत्तरीयंपरिधत्ते ॥

आकाश, पृथिवी, इन्द्र और बृहस्पति, तथा सूर्य यह सूर्य यह सब देवता यशयुक्त होते हुवे मुझे यशस्वी बनावें। इस मंत्र से ऊपर का वस्त्र धारण करे।

ततः कन्याया वरस्य च द्विराचमनम् ॥

वर कन्या दोनों दो बार आचमन करें।

कन्या का पिता कहे।

परस्परं समञ्जेथामिति प्रोषितयोः कन्यावरयोः परस्परं सम्मुखीकरणम् ॥

तुम दोनों परस्पर देखो ऐसा यजमान कहे और नीचे लिखे मन्त्र से वह दोनों एक दूसरे को देखें

जल लेकर संकल्प करो

समञ्जन्त्विति मंत्रस्य अथर्वण ऋषिरनुष्टुपछन्दो विश्वेदेवादेवता मैत्रीकरणे विनियोगः ॥

वर कहे ओं समंजन्तु विश्वेदेवाः समापोहृदयानि नौ सम्मातरिश्वा संधाता समुदेष्ट्री दधातु नौ इतिवरः पठेत् ॥

हे कन्ये विश्वदेवा, और जल हम दोनों के हृदयों को शुद्ध करे और शुद्ध वायु और गायत्री हमारे हृदयों में धर्म, अर्थ, काम मोक्ष इनको स्थित करे।

ततः कन्या प्रदकर्तृक ग्रन्थिबन्धनं। कङ्कणबन्धनञ्च।

तदनन्तर परस्पर देखने के उपरान्त वर कन्या का ग्रन्थिबन्धन और कंकण बन्धन किया जाता है। ग्रन्थिबन्धन की विधि यह होती है कि *२८ छुहारे और एक जुट्ट तथा दक्षिणा किसी कपड़े में बांध कर उस

* कपड़े में जो द्रव्य बांधे जाते हैं उनके लिए प्रमाण

योगि याज्ञ वलक्य ने कहा है :—कन्या सदंशे पार्श्वे द्रव्यपुष्पफलाक्षतान्।

निक्षिप्यतांश्चसंबध्य वर वस्त्रेण योजयेत्। वस्त्रैः संयोज्यतौ पूर्व कन्यादानं समाचरेत्। दानेन युक्तयाः पश्चाद् विदध्यात्पाणि पीडनम्।

गांठ के साथ एक लम्बी मौली बांध दी जाती है। गांठ को कन्या के वस्त्र से बांधा जाता है, और मौली यज्ञोपवीत की तरह गले में डाल दी जाती है और देशाचार से हथलेवें [चक्की चुंग के आटे को गून्धकर कटोरी की शकल के दो पेड़े बनाकर उसमें सुपारी और दक्षिणा रखकर कन्या और वर के हाथों में सम्पुट किया जाता है। ऊपर मौली लपेट कर आशीर्वाद मन्त्र पढ़ने के उपरान्त गोत्रोच्चारण किया जाता है।

ततः ओ३म् भूर्भुवः स्वः अञ्चलग्रन्थे प्रतिष्ठोभव इति प्रतिष्ठाप्य ग्रन्थिं यजमानो गन्धादिभिः पूजयेत।

रक्षार्थं दक्षिणे हस्ते बन्धीयात्कङ्कणे तयोः। इतिलघ्वाश्वलायनस्मृत्युक्तः॥

कन्या का पिता कन्या और वर के दक्षिण हाथ में कङ्कण बन्धन करे।

शाखोच्चारण :—पहले लड़के का पुरोहित किसी मंगल मन्त्रों का उच्चारण करे और लड़के के प्रपिता पितामह और पितादि का नाम वा गोत्रोच्चारण करे इसी प्रकार फिर लड़की का पुरोहित करें।

